

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिया चेक

**संवाददाता** देहरादून। कोविड–19 के दृष्टिगत सोशियल पॉलीगोन ग्रुप ऑफ कंपनी ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 5 लाख का चेक दिया हैद्य यह चेक कंपनी के एमडी डीएस पंवार ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को सौंपा। उत्तराखंड वन विकास निगम के अध्यक्ष सुरेश परिहार ने 11 हजार का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिया। वन विकास निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देंगे।

### दो लाख से ज्यादा लोगों तक पहुंची भाजपा

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना संकट के दृष्टिगत चल रहे लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों तक खाद्यान्न समेत अन्य सामग्री पहुंचाने के लिए भाजपा द्वारा शुरू किए गए अभियान के तहत पार्टी अब तक दो लाख से अधिक लोगों तक पहुंची है। पार्टी कार्यकर्ता अपनी क्षमता के अनुरूप प्रधानमंत्री केयर्स फंड में आर्थिक सहयोग भी कर रहे हैं। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अजेंद्र अजय ने बताया कि प्रधानमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आह्वान पर प्रदेश भाजपा ने प्रदेश में असहाय, गरीब, बुजुर्ग व जरूरतमंदों तक खाद्यान्न समेत अन्य सामग्री पहुंचाने के लिए 28 मार्च से अभियान चलाया हुआ है।

### सीएम की अध्यक्षता में मंत्रीमण्डल की बैठक आठ को

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के मंत्रीमंडल की बैठक आगामी आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास कैंट रोड में आयोजित की जायेगी, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत करेंगे। यहां जारी एक बयान में संयुक्त सचिव ओमकार सिंह ने बताया कि जो भी मंत्री उक्त बैठक में उपस्थित होने में असमर्थ हो तो उनके द्वारा निकटतम एनआईसी केन्द्रों के माध्यम से वीडिया कान्फ्रेसिंग के द्वारा भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

### जरूरतमंद 90 परिवारों को किया राशन वितरित

**संवाददाता** देहरादून। गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा आढत बाजार की प्रबंधक कमेटी ने जरूरतमंद 90 परिवारों को इस कष्ट की घडी में राशन प्रदान किया ताकि उनके घर जूल्हा जलता रहे। आज प्रातः चन्दरनगर स्थित कुष्ठ रोगी धाम में 34 परिवारों को एवं लक्खीबाग पुलिस चौकी को 50 पैकैट तथा छह अन्य जरूरतमंदों को प्रदान किया, जिनमें चावल, आटा, आलू, प्याज, दाल, नमक, हल्दी, मिर्च, तेल एवं साबुन आदि शामिल है। इस अवसर पर लक्खीबाग चौकी इंचार्ज शोएब ली ने कहा कि यह राशन अति जरूरतमंद जोकि दिहाडी, मजदूर, असहायों को बांटा जायेगा।

### लोकसभा अध्यक्ष ने की प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष से दूरभाष पर बात

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस की महामारी से संपूर्ण देश चिंतित है और इस संबंध में आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल से दूरभाष पर उत्तराखंड की स्थिति के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा है कि आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दूरभाष कर उत्तराखंड में करोना वायरस से पीड़ित रोगियों, प्रदेश की सुरक्षा व सतर्कता तथा लॉकडाउन का पालन करने से संबंधित चर्चा वार्ता की। श्री अग्रवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाह पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संपूर्ण देश के विधानसभा अध्यक्षों से विभिन्न प्रदेशों में इस महामारी से बचाव एवं राहत कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। अग्रवाल ने कहा है कि कोरोना वायरस की इस महामारी से देशवासियों को बचाने के लिए शीर्ष नेतृत्व हर प्रकार से चिंतित है और पल–पल की जानकारी शीर्ष नेतृत्व को प्राप्त हो रही है। इसके लिए अग्रवाल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार भी व्यक्त किया।

# राजस्थान से जमात में शामिल होकर लौटा युवक कोरोना पॉजिटिव

**आफत**

**संवाददाता**

उत्तराखंड में कोरोना के मामले बढ़कर 17 हो गए है

हरिद्वार में भी कोरोना का पहला मामला सामने आया

**कोरोना संक्रमित पांच जमाती दून अस्पताल में भर्ती**

देहरादून में जिन पांच जमातियों में कोरोना की पुष्टि हुई है, वह सभी अभी तक सुद्धोवाला स्थित एक संस्थान में क्वारंटाइन किए गए थे। यहां कुल 38 जमाती रखे गए हैं, अन्य जमातियों का भी सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। इस बात का भी पूरा अंदेशा है कि क्वारंटाइन किए गए कई अन्य जमाती भी संक्रमण की चपेट में हैं। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार रात इन पांच जमाती को दून मेडिकल कॉलेज चिकित्साल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर दिया है।

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना का एक ओर मामला सामने आया है। रुड़की में भर्ती एक युवक की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव निकली है, जिसके बाद प्रदेश में कोरोना के मामले बढ़कर 17 हो गए हैं। युवक राजस्थान के अलवर में जमात से लौटा था। इससे पहले शुक्रवार को छह जमातियों में कोरोना की पुष्टि हो चुकी है।

उत्तराखंड जिले के हरिद्वार में कोरोना संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। पनियाला गांव निवासी युवक राजस्थान के अलवर में जमात पर गया हुआ था। 31 मार्च को वह रुड़की वापस लौटा और उसी दिन युवक को सिविल अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया था। फिलहाल, स्वास्थ्य विभाग की टीम उसके परिजनों को भी लेने गई है। मरीज के पॉजिटिव आने के बाद से ही अस्पताल में हड़कंप की स्थिति है।

कोरोना ने उत्तराखंड सरकार की चिंता बढ़ा दी है। निजामुद्दीन प्रकरण के बाद जमातियों की खोजबीन और स्वास्थ्य प्रशिक्षण के बाद संक्रमित मरीजों का आंकड़ा यकायक ऊपर चढ़ गया है। जबकि उत्तराखंड को अभी तक सेफ जोन में माना जा रहा था। निजामुद्दीन प्रकरण के बाद जमातियों की खोजबीन और स्वास्थ्य प्रशिक्षण के बाद संक्रमित मरीजों का आंकड़ा यकायक ऊपर चढ़ गया है।

उत्तराखंड में भी ये आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को छह जमाती कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें से पांच मरीज देहरादून के हैं, जबकि एक ऊधमसिंहनगर जिले के बाजपुर का। यह सभी लोग तब्लीगी जमात से वापस लौटे हैं। वहीं, अब हरिद्वार में भी कोरोना का पहला मामला सामने आया है, जिससे चिंता और बढ़ गई है।

**50 जमाती हिरासत में:** निजामुद्दीन मरकज सहित अन्य जगह से लौटे 50 जमातियों को ज्वालापुर में हिरासत में लिया गया। फिलहाल उन्हें कलियर में क्वारंटाइन किया गया है। ज्वालापुर कोतवाल योगेश सिंह देव ने बताया कि दिल्ली मरकज और अन्य जगह से ज्वालापुर में करीब 50 जमाती वापस घरों को लौटे थे। उन सभी को पकड़ने के बाद मेडिकल परीक्षण कराकर उन्हें कलियर में क्वारंटाइन किया गया है। कोतवाल ने बताया अभी अन्य जमातियों की तलाश की जा रही है। एक जमात के उड़ीसा से ज्वालापुर वापस आने की जानकारी मिल रही है, लेकिन अभी वह अपने घरों पर नहीं पहुंचे।

# नगर निगम कोरोना वायरस में अपना भी योगदान दे

**मांग**

- भाजपा पार्षदों ने की मेयर से मुलाकात, ज्ञापन सौंपा




देहरादून। **संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने मेयर सुनील उनियाल गामा से मिले और उन्हें ज्ञापन देकर कहा कि देश व प्रदेश में कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर निगम को भी इस दिशा में अपना योगदान दिये जाने की आवश्यकता है। इसके लिए देश व प्रदेश के लोगों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में धनराशि दिये जाने के लिए कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि नगर निगम की ओर से एक करोड़ रूपये का चैक सौंपा जायेगा। आज भाजपा पार्षद भूपेन्द्र सिंह कठैत के नेतृत्व में मेयर सुनील उनियाल गामा से नगर निगम में मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपकर कहा कि मुख्य कारण यह है कि जहां पूरा देश और प्रदेश करोना वायरस जैसी महामारी रुपी बीमारी से लड रहा है वहीं देश व प्रदेश का हर व्यक्ति इस लडाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के साथ कंधे से कंधा मिला कर लड़ाई में खडा है। इस अवसर पर पार्षदों ने कहा कि नगर निगम संविधान प्रावधान हो तो नगर निगम द्वारा सहायता राशि देश व प्रदेश में काम आ सके। इस अवसर पर पार्षदों ने कहा कि नगर निगम देहरादून की तरफ से भी सहायता राशि देश और प्रदेश के लिये की जाये। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ की राशि का चैक नगर निगम की ओर से प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर अनेक भाजपा पार्षद शामिल थे।

### थोक दाम पर खरीदें फल–सब्जी, करें ओवर रेटिंग की शिकायत

**संवाददाता** देहरादून। आमजन को राहत देने के लिए अब शहर के विभिन्न इलाकों में थोक दाम पर फल–सब्जी बेची जाएगी। प्रशासन के निर्देश पर मंडी समिति 20 वाहनों को शहर के अलग–अलग क्षेत्रों में फल–सब्जी उपलब्ध कराएगी। वहीं, जिला पूर्ति विभाग ने ऑर्डर लेने के लिए तीन पूर्ति निरीक्षकों के नंबर जारी किए हैं। इन नंबरों पर फोन करके कोई भी घर पर राशन मंगा सकता है। कोरोना महामारी के खतरे को देखते हुए निरंजनपुर मंडी में प्रशासन ने आमजन के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रखा है। ऐसे में केवल फुटकर व्यापारी मंडी से फल–सब्जी खरीद सकता है। आम आदमी को महंगे दामों पर ही फल–सब्जी प्राप्त होती है। लेकिन, अब उन्हें प्रशासन ने कुछ सहूलियत दी है। प्रशासन के निर्देश पर अब बाजारों में थोक दाम पर फल–सब्जी मिल सकेगी। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पूर्ति विभाग ने शहर के 20 स्थानों पर लोडर के माध्यम से सस्ती दरों पर फल और सब्जियों को बेचने की तैयारी की है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।